RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 131 | FRIDAY 22-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



और जगह ज्यों सादगी, अपनाते श्रीमान।
उसी तरह से यहां भी, सादा करिए स्नान।
सादा करिए स्नान, मलें साबुन अब थोड़ा।
कितना भी लें रगड़, गधा ना बनता घोड़ा।
कह साहिल कविराय, आप अब करें गुजारे।
साबुन-शैंपू-पेस्ट, हो गये महंगे सारे।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल






# बाली के लिए श्री भागवत सेवा परिवार के श्रद्धालुओं का संगठन रवाना










लुधियाना, /यूटर्न/ 21 मई। सनातन संस्कृति की दिव्य परंपरा को वैश्विक मंच तक पहुंचाने की दिशा में Shri Bhagwat Seva Parivar का श्रद्धालुओं का जत्था श्रद्धा और उत्साह के साथ Bali के लिए रवाना हुआ, जहां 21 से 30 मई तक श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव आयोजित किया जाएगा।

रवानगी के दौरान 'जय श्री राधे' और 'हरि बोल' के गगनभेदी जयघोषों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने इसे केवल यात्रा नहीं, बल्कि आध्यात्मिक सेवा और भारतीय संस्कृति के प्रचार का सौभाग्य बताया। इस अवसर पर स्काईवे स्टील इंडस्ट्रीज से जुड़े संजय जैन ने कहा कि बाली जैसे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन भारत और सनातन संस्कृति के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, प्रेम और धर्म का संदेश विश्वभर में फैलाया जाएगा।

## विदेशी धरती पर गूंजेगा श्रीकृष्ण भक्ति का संदेश : संजय जैन स्काईवे स्टील

संजय जैन ने कहा, 'बाली जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होना हमारे लिए गर्व की बात है। यह केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्ग है। इसके माध्यम से हम भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति, प्रेम और करुणा का संदेश पूरी दुनिया तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवन की भागदौड़ और तनाव के बीच श्रीमद्भागवत कथा आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत है। यही कारण है कि विदेशों में भी भारतीय संस्कृति के प्रति आकर्षण लगातार बढ़ रहा है।

यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाएगा, बल्कि विश्व स्तर पर भारतीय संस्कृति की पहचान को और सशक्त करेगा।

# सराफा बाजार में तेजी जारी, 10 दिनों में सोना 8,800 उछला; चांदी भी चमकी

चंडीगढ़/यूटर्न/ 21 मई। शादी-विवाह के सीजन और अंतरराष्ट्रीय बाजार में जारी अस्थिरता के बीच सोने-चांदी की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। सराफा बाजार में बुधवार को 24 कैरेट सोने का भाव 1,63,700 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया, जबकि चांदी की कीमत 276 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई।

सराफा कारोबारी राजीव साहदेव के मुताबिक 11 मई को 24 कैरेट सोने की कीमत 1,54,900 रुपये प्रति 10 ग्राम थी, जो महज 10 दिनों में 8,800 रुपये बढ़कर 1,63,700 रुपये तक पहुंच गई। इसी अवधि में 22 कैरेट सोने का भाव 1,42,400 रुपये से बढ़कर 1,48,100 रुपये हो गया। बाजार में 18 कैरेट



सोना 1,24,200 रुपये और 14 कैरेट सोना 97,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार करता रहा। वहीं चांदी में भी मजबूती बनी हुई है, जिससे निवेशकों और खरीदारों दोनों की नजरें सराफा बाजार पर टिकी हुई हैं। व्यापारियों का कहना है कि वैश्विक आर्थिक हालात, डॉलर की चाल और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों की खरीदारी के कारण कीमती धातुओं के दाम लगातार ऊपर जा रहे हैं। इसके अलावा सुरक्षित निवेश के विकल्प के तौर पर भी लोग सोने की ओर रुख कर रहे हैं।

हालांकि कीमतों में तेजी के बावजूद शादी सीजन का असर बाजार में साफ दिखाई दे रहा है। ज्वेलरी शोरूमों में ग्राहकों की आवाजाही बनी हुई है और खरीदारी का सिलसिला जारी है। कारोबारियों का मानना है कि आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार के रुख के अनुसार सोने-चांदी की कीमतों में और उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।




# 13 लाख साहब को जाने हैं कहने वाला विजिलेंस डीजीपी का रीडर गिरफ्तारी के करीब, कोर्ट से नहीं मिली राहत

अजीत झा.चंडीगढ़। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो में सामने आए चर्चित रिश्वत कांड में डीजीपी विजिलेंस के रीडर ओपी राणा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सीबीआई की विशेष अदालत ने वीरवार को उसकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत के फैसले के बाद अब ओपी राणा की गिरफ्तारी कभी भी हो सकती है। सीबीआई ने अदालत में दावा किया है कि 20 लाख रुपये की रिश्वत डील के दौरान ओपी राणा ने कथित तौर पर कहा था कि '13 लाख साहब को जाने हैं।' जांच एजेंसी इस बयान को मामले की अहम कड़ी मान रही है। सीबीआई की रेड के दौरान ओपी राणा टीम को चकमा देकर फरार हो गया था और तभी से एजेंसी उसकी तलाश में जुटी है। वहीं मामले के दूसरे आरोपी मलोट निवासी विकास गोयल उर्फ विक्की को भी अदालत से अंतरिम जमानत नहीं मिली। विकास गोयल की ओर से पेश अधिवक्ता केपी सिंह ने अदालत में दलील दी थी कि वह दिल, लीवर और रीढ़ की गंभीर बीमारियों से पीड़ित है तथा उसे लगातार मेडिकल निगरानी की जरूरत है। हालांकि अदालत ने सीबीआई का पक्ष सुनने के बाद राहत देने से इनकार कर दिया। दरअसल, सीबीआई ने 11 मई को पंजाब विजिलेंस ब्यूरो में चल रहे कथित रिश्वत नेटवर्क का खुलासा किया था। आरोप है कि मलोट में तैनात स्टेट टैक्स अधिकारी अमित कुमार को फर्जी केस में फंसाने की धमकी देकर उनसे 20 लाख रुपये और करीब 1.86 लाख रुपये का मोबाइल फोन रिश्वत के तौर पर मांगा गया था। अमित कुमार की शिकायत के बाद सीबीआई ने ट्रैप लगाकर विकास गोयल, उसके बेटे राघव गोयल और ड्राइवर अंकित वाधवा को गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसियों के अनुसार पूरे मामले में ओपी राणा की भूमिका भी महत्वपूर्ण बताई जा रही है।

# CICU की AI Business Breakthrough वर्कशॉप से उद्योगों को मिली नई तकनीकी दिशा



लुधियाना/यूटर्न/ 21 मई। उद्योगों को आधुनिक तकनीक से सशक्त बनाने की दिशा में Chamber of Industrial and Commercial Undertakings (CICU) ने यंग बिजनेस लीडर्स फोरम (YBLF) और खउकलुधियाना सेंट्रल के सहयोग से "AI Business Breakthrough विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप आयोजित की। इस कार्यक्रम में पंजाब भर से 200 से अधिक उद्यमी, उद्योगपति और प्रोफेशनल्स ने भाग लिया। वर्कशॉप का संचालन एआई एक्सपर्ट Sanjeev Jain ने किया, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यावहारिक उपयोग, ऑटोमेशन, प्रोडक्टिविटी और बिजनेस ग्रोथ पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को लाइव डेमो और प्रैक्टिकल अभ्यास के जरिए आधुनिक अकटूल्स से परिचित कराया गया।




पेज 08 पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड हमजा बुरहान पीओके में ..........


# मंत्री अरोड़ा के हर इंडस्ट्रियल मंच पर IDF देने के दावों के बादवजूद सरकार का क्रेडिट ना देने का जारी नोटिफिकेशन

लुधियाना/यूटर्न/21 मई। पंजाब सरकार की तरफ से एक तरफ राज्य में इंडस्ट्री की ग्रोथ के प्रयास किए जा रहे हैं। नई इंडस्ट्री लगवाने के लिए न्योते दिए जा रहे हैं। लेकिन दूसरी तरफ सरकार की तरफ से इंडस्ट्री को मिल रही आईडीएफ (इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फीस) सब्सिडी को बंद करने की घोषणा कर दी है। इस संबंधी नोटीफिकेशन भी जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि आठ मार्च 2026 से बाद आईडीएफ की सुविधा इंडस्ट्री को नहीं मिल सकेगी। साल 2017 से लेकर 2022 तक समय-समय की सरकारों द्वारा ईडी (इलेक्ट्रीसिटी ड्यूटी), एसएसएफ (सोशल सिक्योरिटी फंड) और आईडीएफ के तहत सब्सिडी दी जाती थी। लेकिन फिर आप सरकार सत्ता में आने पर इसे बंद कर दिया और उल्ट पहले दी सब्सिडी की रकम वापिस करने को कहा। लेकिन विधायक संजीव अरोड़ा के इंडस्ट्री मिनिस्टर बनते ही, उन्होंने सब्सिडी रिफंड करने के नोटिस कैंसिल करवाकर इंडस्ट्री के वकील बनते हुए बड़ी सुविधा दी। लेकिन अब संजीव अरोड़ा के मंत्री पद से हटते ही सरकार ने फिर से इंडस्ट्री पर आईडीएफ नया बोझ डाल दिया है।

## स्टील, लोहा और टेक्सटाइल इंडस्ट्री होगी प्रभावित

बता दें कि इन्वेस्ट पंजाब प्रोग्राम के तहत नई इंडस्ट्री लगाने वाले कारोबारियों को यह सब्सिडी दी जाती थी। जाहिर सी बात हैं कि नई इंडस्ट्री बड़े घरानों द्वारा लगाई जाती है। ऐसे में सबसे ज्यादा असर बड़े घरानों पर ही पड़ेगा। वहीं सरकार से इस फैसले के बाद स्टील, लोहा और टेक्सटाइल इंडस्ट्री सबसे ज्यादा प्रभावित होगी। चर्चा है कि इससे करीब 400 से 500 बड़े यूनिट प्रभावित होंगे।

## मंडी गोबिंदगढ़ की इंडस्ट्री हुई थी रिवाइव

2017 में अकाली दल सरकार के दौरान यह पॉलिसी लाई गई थी। ईडी और आईडीएफ के रुप में यह सब्सिडी दी जाती थी। जिससे इंडस्ट्री को काफी राहत मिली। कांग्रेस सरकार में भी यह सुविधा जारी रही। वहीं इससे सबसे ज्यादा मंडी गोबिंदगढ़ की स्टील इंडस्ट्री को इससे फायदा मिला। यहां तक कि यह भी कहा जाता है कि मंडी की स्टील इंडस्ट्री बुरी तरह से प्रभावित हो गई थी। लेकिन इस सुविधा के बाद वह दोबारा रिवाइव हुई थी।

## मंत्री रहते हुए अरोड़ा ने निभाया अहम रोल

बता दें कि साल 2022 में आप सरकार सत्ता में आई। जिसके चलते 2023 में सरकार ने इस सुविधा को बंद कर दिया। जिसके बाद 2025 में कई इंडस्ट्री मालिकों को लेटर मिले। यह पत्र फाइनेंशियल डिपार्टमेंट की और से इंडस्ट्री विभाग को लिखा गया था। जिसमें कहा था कि इंडस्ट्री को दी जा रही सब्सिडी को वापिस लिया जाए। जबकि वे सब्सिडी बिजली बिलों में एडजस्ट की जाती थी। यह पत्र इंडस्ट्री तक पहुंचते ही उन्होंने पूर्व इंडस्ट्री मंत्री संजीव अरोड़ा के आगे अपनी समस्या रखी। अरोड़ा द्वारा तुरंत प्रभाव से एक दिन बाद ही सब्सिडी वापिस न करने का आश्वासन देकर उद्योग को राहत दी। यहां तक कि कारोबारियों को यकीन दिलाने के लिए संजीव अरोड़ा द्वारा मंडी गोबिंदगढ़ और लुधियाना में 4-5 मंच पर इस राहत की घोषणा की थी।

## करोड़ों की इन्वेस्टमेंट हो सकती है प्रभावित

वहीं एक्सपर्ट की मानें तो वह इसे इंडस्ट्री की उत्पीड़न मान रहे हैं। पिछले एक साल में इंडस्ट्री द्वारा 55 हजार करोड़ और कुल 1.5 लाख करोड़ की इन्वेस्टमेंट पंजाब में की गई है।

लेकिन अब इस सुविधा को वापिस लेने के बाद इन्वेस्टमेंट प्रभावित हो सकती है, क्योंकि पंजाब में आने वाली नई इंडस्ट्री पर इसका सीधे तौर पर इफैक्ट पड़ेगा। वहीं उद्योग मंत्री रहते हुए संजीव अरोड़ा द्वारा भी इन्हीं सब्सिडी सुविधाओं के दम पर नई इंडस्ट्री पंजाब में लगवाई गई थी। अब अगर वहीं सुविधाएं नहीं मिलेगीं, तो इंडस्ट्री कैसे अपना अच्छा भविष्य देखेंगी।

## पीएसपीसीएल ने फाइनेंस विभाग के पाले में फेंकी गेंद

यह नए आदेश पीएसपीसीएल विभाग की और से जारी किए गए हैं। इस संबंधी नोटीफिकेशन में कहा गया है कि फाइनेंस विभाग पंजाब द्वारा यह आईडीएफ सब्सिडी रोकी गई है। यानि कि अब पावरकॉम ने गेद फाइनेंस मिनिस्टर हरपाल सिंह चीमा के पाले में फेंक दी है। अब देखना होगा कि फाइनेंस मिनिस्टर इस मामले में क्या एक्शन लेते हैं।

## इंडस्ट्री को मिल रही थी मोटिवेशन

एक्सपर्ट्स मुताबिक ईडी, आईडीएफ व एसएसएफ जैसी सुविधाएं मिलती देखकर कारोबारियों द्वारा और ज्यादा इंडस्ट्री लगाई जा रही थी। जबकि दूसरे राज्यों की इंडस्ट्री भी पंजाब पर फोकस कर रह थी।

इन सुविधाओं से उन्हें मोटिवेशन मिल रही थी। क्योंकि व्यापारियों द्वारा पहले अपनी तरफ से पैसा लगाना पड़ता है, फिर उन्हें थोड़ा थोड़ा कर सब्सिडी के रुप में प्रॉफिट वापिस मिलता है। जिसे वह आगे इन्वेस्ट करके बिजनेस बढ़ाते हैं। लेकिन अब अगर यह प्रॉफिट मिलना बंद हो जाएगा, तो बिजनेस कैसे आगे बढ़ सकेगा।

PSPCL
PUNJAB STATE POWER CORPORATION LTD.



### जनता पर पड़ेगा सीधा असर

कारोबारी केके गर्ग ने कहा कि इसका इंपैक्ट सीधा लोगों के विश्वास पर पड़ेगा। सरकार और इंडस्ट्री के रिलेशन इससे प्रभावित होंगे। सरकार अपनी ही पॉलिसी अगर ऐसे बदलेगी, तो जनता यकीन किस पर करेगी।



### अपना ही पैसा सरकार से मांग रहे हैं

फर्नेस एसोसिएशन मंडी गोबिंदगढ़ के प्रधान टोनी ने कहा कि हम सरकार से कुछ नहीं मांग रहे, बस अपना पैसा ही वापिस मांग रहे हैं। लेकिन सरकार उसमें भी आनाकानी कर रही है। कोई भी सरकार हो, लेकिन वह इंडस्ट्री के लिए सब कुछ होती है। अब अगर आप सरकार अपनी पॉलिसियां बदलेगी, तो आगे जाकर यह नई रीत शुरू हो जाएगी।



पंजाब सरकार की इंडस्ट्री को बड़ी राहत, इलेक्ट्रीसिटी पर मिलने वाली सब्सिडी नहीं ली जाएगी वापिस

शिकायत मिलने के एक दिन बाद ही इंडस्ट्री मीनिस्टर ने लिया एक्शन

चंडीगढ़/यूटर्न/10 जुलाई। पंजाब सरकार की और से इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी पर दी गई सब्सिडी वापिस न लेने का फैसला किया गया है। जिससे राज्य की इंडस्ट्री को बड़ी राहत मिली है। दरअसल, पंजाब सरकार द्वारा इन्वेस्ट पंजाब के तहत इंडस्ट्री को बिजली सब्सिडी दी जा रही थी। लेकिन कुछ समय पहले ही बात सामने आई थी कि सरकार की और से पिछले सालों में दी गई सब्सिडी को वापिस लिया जाएगा। लेकिन यह बात पता चलते ही सभी इंडस्ट्री मालिकों द्वारा पंजाब के इंडस्ट्री मीनिस्टर संजीव अरोड़ा से मांग की। जिस पर मंत्री अरोड़ा ने एक दिन बाद ही यानि कि वीरवार को इस सब्सिडी वापिस लेने के फैसले को लागू न करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री के साथ किसी भी तरह की धक्केशाही नहीं होगी और न ही कोई सब्सिडी वापिस ली जाएगी।

मंत्री अरोड़ा द्वारा तत्काल प्रभाव से लिया एक्शन

इंडस्ट्री खुलकर कर सकेगी काम

अफसरशाही द्वारा सब्सिडी वापिस मांगने का डाला जा रहा था दबाव


2017 में सरकार ने देनी शुरू की थी सब्सिडी

इस फैसले से इंडस्ट्री को मिली बड़ी राहत



### सरकार इस बेनिफिट को एमएसएमई में बांटे

कारोबारी बादिश जिंदल ने कहा कि यह सरकार का अच्छा कदम है। पंजाब में 2 प्रतिशत बड़ी इंडस्ट्री है। आज तक सरकार के सभी फंड और मुनाफे सिर्फ बड़ी इंडस्ट्री को मिले हैं। अब अगर सरकार ने आईडीएफ सब्सिडी वापिस ली है तो इसे एमएसएमई में बांटकर राहत देनी चाहिए।



PUNJAB STATE POWER CORPORATION LTD.
(Regd. Office: PSEB Head Office, The Mall, Patiala)
OFFICE OF CE/COMMERCIAL (SE/SALES-II)
Tel. No. 0175-2214495, Fax: 0175-2210320, e-mail: sesalestwo@gmail.com

To

1. All CE/DS, PSPCL.
2. CE/IT, PSPCL, Patiala.
3. Chief Auditor, PSPCL, Patiala.

Memo No. 119/126 RG-36/ED/V-16 Date: 29/04/26

**Sub:** Clarification regarding exemption Infrastructure Development Fee (IDF).

*Ref:* *Commercial Circular No. 19/2026 dated 27.03.2026.*

As per Commercial Circular No. 19/2026 dated 27.03.2026 exemption shall apply only to Electricity Duty (ED) and any other charges such as infrastructure development fee (IDF), social security fund (SSF) or any other levies, fees, duties or cess shall not be exempted and ESIM clause no. 74 has been amended accordingly.

Now, number of queries are being received from field offices regarding applicability of Commercial Circular No. 19/2026 to the consumers getting exemption under IDBP-2017 & IDBP-2022. In this regard, it is made clear that IDF exemption should not be continued w.e.f. 08.03.2026 for all consumers (i.e. earlier getting IDF exemption under any IDBP Policy and otherwise).

Further, the matter regarding implementation of Finance Dept. clarification dated 21.04.2025 w.r.t IDF exemption, is under consideration of GoP for decision. Accordingly, it has been decided that to safeguard the financial of PSPCL, any exemption on account of IDF should be withheld from the date of clarification given by Finance Department, GoP i.e. 21.04.2025 till the decision of GoP is received in this regard.

Meticulous compliance of the instructions may please be ensured.
This issues with the approval of competent authority.

29/4/26
CE/Commercial,
PSPCL, Patiala.

# बगावत पर भाजपा का कड़ा एक्शन: पूर्व पार्षद हनी गोयल और समर्थक प्रद्युम्न बंसल पार्टी से बर्खास्त

## गोयल बोले- किसान आंदोलन में भी पार्टी का साथ दिया, अब काम न होने पर लड़ा चुनाव

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/21/मई। चुनावों के बीच अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने बेहद सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। पार्टी हाईकमान के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए भाजपा ने जगरांव के पूर्व पार्षद हनी गोयल और उनके एक कट्टर समर्थक प्रद्युम्न बंसल को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तुरंत प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। जगतपुरा और जगरांव के सियासी हलकों में इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया है।

### क्यों गिरी बगावत की गाज?

पूरा मामला नगर परिषद चुनावों में टिकट वितरण और बगावत से जुड़ा है। जगरांव नगर परिषद के वार्ड नंबर 20 से भाजपा ने हर्ष सिंगला को अपना आधिकारिक उम्मीदवार घोषित किया था। लेकिन पार्टी के इस फैसले को चुनौती देते हुए पूर्व पार्षद हनी गोयल ने भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ ही आजाद प्रत्याशी के तौर पर मैदान में ताल ठोक दी। इस बगावत में प्रद्युम्न बंसल भी खुलकर हनी गोयल के समर्थन में उतर आए, जिसे पार्टी ने अनुशासनहीनता माना।

### हाईकमान का कड़ा संदेश: अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं

भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजिंदर शर्मा ने इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया: पार्टी के सर्कल अध्यक्ष नवनीत गुप्ता की सिफारिश और हाईकमान के दिशा-निर्देशों के आधार पर यह सख्त कदम उठाया गया है। ये दोनों कार्यकर्ता पिछले काफी समय से पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल थे। हद तो तब हो गई जब उन्होंने अधिकृत



प्रत्याशी के खिलाफ ही चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया। डॉ. शर्मा ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है और यहाँ किसी भी तरह का भीतरघात बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर कोई और कार्यकर्ता भी ऐसी गतिविधियों में संलिप्त पाया गया, तो उसके खिलाफ भी इससे भी कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने दावा किया कि जगरांव नगर परिषद के सभी वार्डों में भाजपा उम्मीदवार पूरी ताकत से चुनाव प्रचार में जुटे हैं और पार्टी शानदार जीत दर्ज करेगी। पार्टी से निष्कासन और इस पूरे घमासान पर जब पूर्व पार्षद हनी गोयल से बात की गई तो उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए भाजपा नेतृत्व पर ही सवाल उठाए। हनी गोयल ने कहा: वार्ड के कामों की अनदेखी: मैंने अपनी पार्टी को वार्ड के विकास से जुड़े कई जरूरी कामों के बारे में बोला था, लेकिन पार्टी ने उन कामों को करने से साफ जवाब दे दिया। विकास कार्य रुकने के बाद ही मैंने आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने का मन बनाया।

मुश्किल वक्त में दिया साथ: हनी गोयल ने अपनी वफादारी का हवाला देते हुए कहा, हमारा परिवार पीढ़ियों से बीजेपी से जुड़ा हुआ है।

# अंसल एस्टेट के एस.एस. खुराना ने सांसद साहनी से की मुलाकात



लुधियाना/यूटर्न/21 मई। अंसल एस्टेट के प्रमुख समाजसेवी एवं कारोबारी एस.एस. खुराना ने राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी से विशेष मुलाकात की। इस दौरान एस.एस. खुराना ने सांसद साहनी को बुके भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान लुधियाना के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। खास तौर पर हलवारा एयरपोर्ट के संचालन और उससे उद्योग, व्यापार तथा आम लोगों को मिलने वाली सुविधाओं को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर एस.एस. खुराना ने कहा कि हलवारा एयरपोर्ट शुरू होना लुधियाना और पंजाब के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इससे उद्योगपतियों, व्यापारियों और यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र में निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि एयर कनेक्टिविटी बेहतर होने से लुधियाना का व्यापार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत होगा। खुराना ने सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी द्वारा पंजाब के विकास और उद्योगों के हित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास राज्य की तरक्की में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

BHOG & RASAM PAGRI



(29.07.1962 to 11.05.2026)
With profound grief and sorrow, we inform the sad demise of our beloved
SH. RAM KUMAR GUPTA
(S/o Late Sh. Mohan Lal)
who left for heavenly abode on 11th May, 2026.
BHOG & RASAM PAGRI
for the peace of the departed soul will be held on
22nd May, 2026 (Friday) from 1.30 PM to 3:00 PM
at SHRI NAV DURGA MATA MANDIR, Sarabha Nagar, Ludhiana

Grief Striken
RANJILA GUPTA (WIFE) LAJWANTI GOEL (MOTHER)

(Son & Daughter in Law)
Chetan Goyal - Namisha Goyal
(Daughter & Son in Law)
Sugandha - Anshul Singla
Navisha - CA Rahul Gupta
(Sister & Brother in Law)
Veena Gupta - Ashok Gupta
Rama Gupta - Jiwan Gupta
Suman Garg - Rajesh Garg

(Brother & Sister in Law)
Anil Gupta (Tony)- Anita Gupta
Rajesh Goyal - Shilpa Goyal
Ashwani Goel - Sunita Goel
Ajay Goel - Anu Goel
Sanjay Goel - Kajal Goel
(Nephews)
Ashir Gupta, Shubham Goel
Saurav Goel

(Niece & Son in law)
Aakriti - Aayush Gupta
Shreya - Dheeraj Singla
Aanchal - Anshul Singhania
Nikita - Vikas Aggarwal
Kashish - Akhil Aggarwal
(Nephews & Niece)
Smaksh Gupta, Rajat Garg
Vanya Gupta

(Nephew & Daughter in law)
Abhinav - Ritika Goel
Akshit - Kriti Goel
Varun - Ishita Goel
Piyush - Aparna Goel
Ankit - Prerna Gupta
Nitin - Saloni Garg

Grandchildren : Reyansh Goyal, Erisha Singla, Rudransh Singla, Avyukth Gupta, Khrishyang Gupta, Harshiv Gupta

RAM KUMAR AJAY KUMAR
GOEL ENTERPRISES
OKASA INTERNATIONAL
AKAKSH INTERNATIONAL
EASTSTAR INDUSTRIES
EASTSTAR MANUFACTURING SYNDICATE

# गर्मियों में चटपटा और जंक फूड खाने वाले सावधान, बढ़ सकती हैं गंभीर बीमारियां : डॉ स्वाति खुराना



लुधियाना/यूटर्न/21 मई। भीषण गर्मी के चलते लोगों को अपने खान-पान और स्वास्थ्य को लेकर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। पूरे उत्तर भारत में तापमान लगातार बढ़ रहा है और कई शहरों में पारा 45 डिग्री तक पहुंच चुका है। ऐसे में गर्मी का असर बच्चों, बुजुर्गों और अन्य लोगों की सेहत पर बुरा पड़ सकता है। डॉक्टरों और डाइटीशियन की सलाह है कि गर्मियों में बाहर का खाना, खासकर जंक फूड और तली-भुनी चीजों से जितना हो सके परहेज करना चाहिए, क्योंकि इस मौसम में भोजन जल्दी खराब हो जाता है और बैक्टीरिया तेजी से पनपते हैं। हार्ट और मेडिसिन स्पेशलिस्ट डॉ. स्वाति खुराना ने कहा कि गर्मी के मौसम में लू लगना, पेट दर्द, दस्त, उल्टियां, गैस, डिहाइड्रेशन और लीवर संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। डॉक्टरों ने खासतौर पर तेज धूप से बचने और बच्चों व बुजुर्गों का अधिक ध्यान रखने की सलाह दी है। सुबह और शाम के समय ही बच्चों को बाहर खेलने भेजना चाहिए तथा पर्याप्त मात्रा में साफ पानी पीने की आदत डालनी चाहिए। बाहर का पानी पीने से भी बचने की सलाह दी गई है।

चंडीगढ़

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 शुक्रवार, 22 मई 2026



पेज 12 ग्रीन चंडीगढ़ विजन को लेकर मेयर की केंद्रीय मंत्री से अहम बैठक.......

# जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में एसआईआर-2026 को लेकर बैठक आयोजित

पंचकूला/यूटर्न/ 21 मई। सतपाल शर्मा की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से जल्द से जल्द बीएलए-2 नियुक्त करने का आग्रह किया, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके। उन्होंने बताया कि एसआईआर-2026 का उद्देश्य मतदाता सूची से मृत व्यक्तियों के नाम हटाना, दोहरी प्रविष्टियों को समाप्त करना, स्थानांतरित मतदाताओं का विवरण अपडेट करना और नए पात्र मतदाताओं को शामिल करना है। इसके अलावा मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना तथा प्रत्येक पात्र नागरिक का पंजीकरण सुनिश्चित करना भी इस अभियान का मुख्य लक्ष्य है, ताकि चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि हरियाणा में विशेष गहन




पुनरीक्षण की प्रक्रिया अंतिम बार वर्ष 2002 में करवाई गई थी। उन्होंने कहा कि गणना अवधि का कार्य 15 जून 2026 से शुरू होगा। इस दौरान बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं की जानकारी एकत्रित करेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि 14 जुलाई 2026 तक मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन किया जाएगा, जबकि ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जुलाई 2026 को होगा। दावे और आपत्तियां 21 जुलाई से 20 अगस्त 2026 तक स्वीकार की जाएंगी। इसके बाद दावों और आपत्तियों का निपटारा 18 सितंबर 2026 तक किया जाएगा तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 22 सितंबर 2026 को किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बीएलओ और बीएलए शुद्ध एवं सटीक मतदाता सूची तैयार करने में अहम भूमिका निभाते हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान गणना प्रपत्र भरने और दस्तावेज जमा करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम उपलब्ध करवाए गए हैं। बैठक में बताया गया कि बीएलए का कार्य मतदाताओं को एसआईआर संबंधी सही जानकारी देना, जागरूकता फैलाना और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी उपलब्ध करवाना है। इसके अलावा बीएलए मतदाताओं द्वारा भरे गए गणना प्रपत्रों को एकत्रित कर बीएलओ तक पहुंचाने में भी सहयोग करेंगे।

### पिंजौर-कालका में चेन स्नैचिंग करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

## जमानत पर बाहर आते ही फिर शुरू की वारदातें






पंचकूला/यूटर्न/21 मई। पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 टीम ने पिंजौर और कालका क्षेत्र में चेन स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। दोनों आरोपी हाल ही में जमानत पर जेल से बाहर आए थे और बाहर आते ही फिर से स्नैचिंग की घटनाओं में सक्रिय हो गए।

पुलिस के अनुसार 12 मई को पिंजौर निवासी एक महिला ने थाना पिंजौर में शिकायत दर्ज करवाई थी। महिला ने बताया कि वह शाम के समय अपने पति के साथ सैर कर रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक पीछे से आए और उनकी गर्दन से सोने की चेन झपटकर फरार हो गए। शिकायत के आधार पर थाना पिंजौर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 304 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की जांच के दौरान क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने इंचार्ज मुकेश सैनी के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 20 मई को सुखोमाजरी-पिंजौर पुल के नीचे से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अशोक कुमार और नितिन उर्फ मोनू के रूप में हुई है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई यामाहा मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। अरविंद कंबोज ने बताया कि जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी पिछले कुछ समय से कालका और पिंजौर क्षेत्र में स्नैचिंग की कई वारदातों और प्रयासों में शामिल रहे हैं। मई महीने में दोनों ने चार बार स्नैचिंग या स्नैचिंग की कोशिश की, जिनमें एक मामले में वे सफल भी हुए। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी नितिन उर्फ मोनू के खिलाफ पहले से आर्म्स एक्ट, वाहन चोरी, हत्या के प्रयास और स्नैचिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। वहीं अशोक कुमार के खिलाफ लूट और हाईवे लूटकांड से जुड़े मामले दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार दोनों आरोपी अप्रैल महीने में जमानत पर जेल से बाहर आए थे।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान स्नैच की गई सोने की चेन, नकदी और अन्य मामलों से जुड़े सबूत बरामद करने के साथ-साथ अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जाएगी।

BHOG & ANTIM ARDAS



(29.07.1962 to 11.05.2026)

With profound grief and sorrow, we inform the sad demise of our beloved

SH. RAM KUMAR GUPTA

(S/o Late Sh. Mohan Lal)

who left for his heavenly abode on 11th May, 2026.

BHOG & ANTIM ARDAS

for the peace of the departed soul will be held on

22nd May, 2026 (Friday) from 1.30 PM to 3:00 PM

at SHRI NAV DURGA MATA MANDIR, Sarabha Nagar, Ludhiana

Grief Stricken

(Brother In Law & Sister)
Rajesh Garg & Suman Garg

(Brother & Sister In Law)
Ashwani Goel & Sunita Goel
Ajay Goel & Anu Goel
Sanjay Goel & Kajal Goel

(Nephews)
Rajat Garg
Saurav Goel

(Niece & Son In law)
Vikas Aggarwal & Nikita Aggarwal
Akhil Aggarwal & Kashish Aggarwal

(Nephew & Daughter In Law)
Nitin Garg & Saloni Garg
Akshit Goel & Kriti Goel
Abhinav Goel & Ritika Goel
Varun Goel & Ishita Goel
Piyush Goel & Aparna Goel

(Grandchildren)
Sahisht, Anaisha, Viaana, Vidit, Krisha, Atharv, Aadhya, Kritav, Agastya

EASTSTAR MANUFACTURING SYNDICATE
TAAMIN DIAMONDS MUMBAI
EASTSTAR INDUSTRIES

# पंजाब में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल खत्म, सरकार और कर्मचारियों के बीच बनी सहमति





जीरकपुर /यूटर्न/21 मई। पंजाब में चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल अब खत्म हो गई है। गुरुवार को पंजाब के वित्त मंत्री और स्थानीय सरकार मंत्री की मौजूदगी में नगर निगम कर्मचारी कार्रवाई समिति और स्थानीय सरकार विभाग के अधिकारियों के बीच लंबी बैठक हुई। बैठक में कर्मचारियों की कई अहम मांगों पर सहमति बन गई, जिसके बाद हड़ताल खत्म करने का फैसला लिया गया।

बैठक में कर्मचारी समिति के 35 से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल हुए। कर्मचारियों ने आउटसोर्स कर्मचारियों को पक्का करने, संविदा कर्मचारियों को नियमित करने और कम वेतन पाने वाले कर्मचारियों की तनख्वाह बढ़ाने की मांग रखी।

सरकार और कर्मचारी नेताओं के बीच हुई बातचीत के बाद फैसला लिया गया कि सफाई कर्मचारी, सीवर कर्मचारी, फायरमैन, ड्राइवर, माली, बेलदार, पंप ऑपरेटर और इलेक्ट्रीशियन जैसे जोखिम भरे काम करने वाले कर्मचारियों को तीन साल की नौकरी पूरी होने के बाद संविदा व्यवस्था में शामिल किया जाएगा। वहीं क्लर्क और कंप्यूटर ऑपरेटर जैसे कर्मचारियों के लिए यह समय पांच साल रखा गया है।

संविदा कर्मचारियों को पक्का करने के मामले में सरकार ने एक कमेटी बनाने का फैसला किया है। इस कमेटी में स्थानीय सरकार विभाग के अधिकारी और कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह कमेटी 30 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी।

बैठक में यह भी तय हुआ कि अकुशल कर्मचारियों के वेतन बढ़ाने को लेकर भी अलग से रिपोर्ट तैयार की जाएगी। साथ ही सरकार ने भरोसा दिया कि हड़ताल के दौरान किसी भी कर्मचारी के वेतन में कटौती नहीं की जाएगी, चाहे वह पक्का कर्मचारी हो, कच्चा हो या आउटसोर्स पर काम कर रहा हो। सरकार ने कर्मचारियों की बाकी मांगों पर भी सकारात्मक सोच के साथ विचार करने का आश्वासन दिया है। यह फैसले पंजाब जल सप्लाई और सीवरेज बोर्ड के कर्मचारियों पर भी लागू होंगे। नगर निगम कर्मचारी कार्रवाई समिति ने घोषणा की कि 21 मई 2026 से सभी शहरी स्थानीय निकायों में चल रही हड़ताल पूरी तरह समाप्त कर दी जाएगी।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

## यहाँ मुस्कुराने की कीमत तय है

हमारा समाज चमक धमक का पूजारी है। यहाँ सिर्फ रोशनी की पूजा की जाती है। तभी तो यहाँ किसी न किसी रूतबे को नमस्कार किया जाता है। अगर कोई यहाँ अपनी पहचान साबित नहीं कर सका तो उसे नकार दिया जाता है। हमेशा से सुना करते थे कि चेहरे की मुस्कान ही असली सुंदरता है पर अब हर समय मुस्कुराने वाले लोगों को अजीब नजरों से देखा जाता है। आज के समय में बहुत मुश्किल ही ऐसा कोई इन्सान मिलेगा जिसके चेहरे पर सुकून की मुस्कान दिखाई दे जाए और अगर कोई ऐसा रब्ब का बंदा मिल भी जाए तो उसकी मुस्कुराहट पर भी हजारों ताने कसे जाते हैं। तो अगर किसी के चेहरे की मुस्कान की असली पहचान अगर आज के इस्सान ने बना ली है तो वो है उसके धन की गिनती या फिर उसके ओहदे और कामयाबी की ऊँचाई। जिसके पास इन तीनों में से कुछ नहीं और वो फिर भी मुस्कुराता रहता है वो फरेबी है, उसकी मुस्कान नकली है, उसे मुसकुराने का कोई हक नहीं है। तो जनाब यहाँ मुस्कुराने की कीमत तय है। क्योंकि यहाँ बाहर से ही सब रंगीन दिखता है अंदर तो बस अंधेरा ही अंधेरा है

# नगर निकाय चुनाव 2026: बठिंडा रेंज के लिए ऑब्जर्वर नियुक्त



बठिंडा,/यूटर्न/21 मई। म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन/काउंसिल/नगर पंचायत चुनाव-2026 को लेकर SState Election Commission Punjab ने Sukhwant Singh Gill, IPS, DIG इंटेलिजेंस को बठिंडा रेंज का ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए यह नियुक्ति की गई है। अधिकारियों के अनुसार, ऑब्जर्वर चुनाव से संबंधित व्यवस्थाओं और शिकायतों की निगरानी करेंगे। जनता और संबंधित पक्ष किसी भी चुनावी शिकायत या सूचना के लिए ऑब्जर्वर से सीधे संपर्क कर सकते हैं। उनका संपर्क नंबर 95171-95171 तथा ईमेल [dig.int1.police@punjab.gov.in](mailto:dig.int1.police@punjab.gov.in) है। उनका कार्यालय लेक व्यू गेस्ट हाउस, बठिंडा में स्थापित किया गया है।

## कानूनी बात : निशांत प्रभाकर के साथ

### क्या Foreign Citizen से शादी भारत में मान्य होती है ?



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

आज के समय में कई लोग विदेश में रहने वाले या विदेशी नागरिक (Foreign Citizen) से विवाह करते हैं। ऐसे मामलों में अक्सर यह सवाल उठता है कि क्या ऐसी शादी भारत में कानूनी रूप से मान्य होती है। यदि विवाह कानूनी प्रक्रिया के अनुसार किया गया है, तो सामान्यतः भारत में उसे मान्यता मिल सकती है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि विवाह किस कानून के तहत और किस देश में हुआ है। भारत में विदेशी नागरिक से विवाह सामान्यतः Special Marriage Act या संबंधित देश के विवाह कानूनों के अनुसार किया जाता है। यदि विवाह विदेश में हुआ है, तो उसका उचित registration और आवश्यक दस्तावेज होना महत्वपूर्ण है। कई मामलों मे marriage certificate, passport details, visa documents और अन्य रिकॉर्ड महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह भी ध्यान देना जरूरी है कि कुछ देशों के कानून और भारतीय कानून अलग हो सकते हैं। इसलिए nationality, divorce status, previous marriage,और immigration rules जैसे पहलुओं की जांच आवश्यक होती है। यदि विदेशी spouse पहले से विवाहित है या विवाह संबंधित जानकारी छुपाई गई है, तो भविष्य में गंभीर कानूनी विवाद उत्पन्न हो सकते हैं। कई लोग केवल social ceremony को पर्याप्त मान लेते हैं, जबकि international marriages में documentationऔर legal compliance अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। निष्कर्षः Foreign Citizen से विवाह भारत में मान्य हो सकता है, लेकिन सही कानूनी प्रक्रिया, registration और दस्तावेजों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। International marriages में सावधानी और कानूनी स्पष्टता बहुत महत्वपूर्ण होती है।

# नगर परिषद चुनावः 'आप' उम्मीदवार की दोहरी सियासत

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/21मई। नगर परिषद चुनाव की तारीख (26 मई) जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, जगरांव की सियासत में नए-नए रंग देखने को मिल रहे हैं। वफादारी और बगावत के इस खेल में एक ऐसा अनोखा मामला सामने आया है, जिसने आम आदमी पार्टी (AAP) के भीतर हड़कंप मचा दिया है। लंबे समय तक कांग्रेस में रहने के बाद पिछले कुछ सालों से खुद को आम आदमी पार्टी का वफादार सिपाही बताने वाले एक उम्मीदवार की 'दोहरी राजनीति' अब जगजाहिर हो चुकी है।

एक घर, दो वार्ड और दो अलग-अलग नीतियां: मामला वार्ड नंबर 10 से 'आप' के उम्मीदवार कंवरपाल सिंह डिपो वाले से जुड़ा है। सूत्रों के मुताबिक, कंवरपाल ने पार्टी हाईकमान से अपने परिवार के लिए दो टिकटों की मांग की थी। लेकिन पार्टी ने उन्हें सिर्फ वार्ड नंबर 10 से 'झाड़ू' के निशान पर चुनावी मैदान में उतारा। टिकट न मिलने से नाराज कंवरपाल सिंह ने पार्टी के वफादार सिपाही होने का चोला उतारकर वार्ड नंबर 5 में सीधा विद्रोह कर दिया। उन्होंने लुधियाना में ब्याही अपनी बेटी परमिंदर कौर को वार्ड नंबर 5 से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में खड़ा कर दिया है।

**प्रचार सामग्री पर पिता की फोटो, चुनाव निशान 'ट्रैक्टर':** यह बगावत कितनी सोची-समझी है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि परमिंदर कौर के चुनावी विज्ञापनों और पोस्टरों पर न सिर्फ उनके पिता कंवरपाल सिंह का नाम है, बल्कि कंवरपाल की तस्वीर भी प्रमुखता से छापी




गई है। परमिंदर कौर को 'ट्रैक्टर' चुनाव चिह्न मिला है। अंदरूणी सूत्रों का यह भी कहना है कि बेटी के चुनाव प्रचार का पूरा खर्च खुद कंवरपाल सिंह उठा रहे हैं। वार्ड नंबर 5 में मुकाबला बेहद दिलचस्प और कड़ा हो गया है।

यहाँ परमिंदर कौर का सीधा मुकाबला नगर परिषद के पूर्व कार्यकारी प्रधान अमरजीत सिंह मालवा की पत्नी बीबी रविंदर पाल कौर से है, जो 'आप' की आधिकारिक उम्मीदवार हैं। अब इस वार्ड के लोग भी इस अजीबोगरीब स्थिति पर सवाल उठा रहे हैं। वार्ड वासियों का कहना है: परमिंदर कौर शादी के बाद लुधियाना में रहती हैं। अगर वार्ड के किसी नागरिक को अपना काम करवाना हो, या थाने-कचहरी और नगर परिषद के चक्कर काटने हों, तो क्या वह लुधियाना से समय पर जगरांव पहुंच पाएगी?

# स्टार्टअप समागम 2026 : महानगर बना स्टार्टअप का उभरता हब, निवेश और इनोवेशन को मिली नई रफ्तार




लुधियाना/यूटर्न/ 21 मई। 'स्टार्टअप समागम 4.0 -लीडर्स कॉन्क्लेव 2026' ने पंजाब के बिजनेस और स्टार्टअप इकोसिस्टम को नई ऊर्जा प्रदान की। कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए मैन्युफैक्चरिंग आधारित स्टार्टअप्स और डिफेंस प्रोडक्शन सेक्टर में लुधियाना की अपार संभावनाओं को उजागर किया।

Ludhiana Angels Network द्वारा आयोजित इस कॉन्क्लेव में 300 से अधिक उद्योगपति, निवेशक, स्टार्टअप फाउंडर्स और शिक्षाविद शामिल हुए, जिससे यह आयोजन एक प्रभावशाली बिजनेस नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म बनकर उभरा। ऐसे आयोजनों से निवेश, साझेदारी और स्केलिंग के नए अवसर पैदा होते हैं, जो स्थानीय उद्यमों को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर तक पहुंचाने में सहायक हैं।

कार्यक्रम में IIT Ropar और Panjab University को सम्मानित किया गया, जबकि 'लेबलेर एआई' को बेस्ट स्टार्टअप का अवार्ड मिला। यह दर्शाता है कि पंजाब में टेक-ड्रिवन और इनोवेशन आधारित उद्यम तेजी से उभर रहे हैं।

इस समागम को ICICI Bank, रॉल्सन टायर्स, Eastman Industries, Rockman Industries, Sportking India Limited (सेंटेक्स फैब्रिक्स) और Techy Web Solutions जैसे प्रमुख कॉर्पोरेट साझेदारों का सहयोग प्राप्त हुआ, जिसने उद्योग-स्टार्टअप कनेक्ट को और मजबूत किया।

कुल मिलाकर, यह कॉन्क्लेव लुधियाना को पारंपरिक टेक्सटाइल हब से आगे बढ़ाकर एक आधुनिक स्टार्टअप और इनोवेशन सेंटर में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है, जो निवेश आकर्षण, रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को नई गति देगा।

# DMC&H की मोबाइल हेल्थ पहल से 40 गांवों को मिलेगा प्राथमिक स्वास्थ्य लाभ



लुधियाना/यूटर्न/ 21 मई। Dayanand Medical College and Hospital (DMC&H) ने Siemens Healthineers, इंडिया के CSR सहयोग से 'Access to Primary Health Care' मोबाइल यूनिट परियोजना की शुरूआत की। इस पहल का उद्देश्य लुधियाना जिले और आसपास के 40 गांवों में रहने वाली वंचित आबादी को उनके घर-द्वार पर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

इस परियोजना के तहत लगभग 50,000 लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है। मोबाइल मेडिकल वैन के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श, जांच, दवाइयां और स्वास्थ्य जागरूकता सेवाएं निःशुल्क प्रदान की जाएंगी। विशेष रूप से उच्च रक्तचाप, मधुमेह, श्वसन रोगों और कैंसर जैसी बीमारियों की जांच और प्रबंधन पर ध्यान दिया जाएगा। यह पहल DMC&H के सामुदायिक चिकित्सा और जनरल मेडिसिन विभाग की देखरेख में संचालित होगी। परियोजना के अंतर्गत प्रशिक्षित डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और ग्रामीण क्षेत्रों में अनुभवी सहायक टीम तैनात की गई है। जरूरतमंद मरीजों को आगे के इलाज के लिए सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा।

# करोड़ों की प्रॉपर्टियों के मालिकों में 5000 रुपए के पीछे हुई तू-तू मैं-मैं

लुधियाना/यूटर्न/21 मई। आत्म वल्भ जनपथ वेलफेयर एसोसिएशन की और से एनुअल जनरल मीटिंग (एजीएम) आयोजित की गई। इस दौरान करोड़ों की प्रॉपर्टियों के मालिकों में मात्र 5000 रुपए के पीछे जमकर तू-तू मैं-मैं होते देखी गई। वहीं इससे पहले कारोबारी किंटी ठुकराल सर्वसहमति के साथ एसोसिएशन का प्रधान बनाया गया। इस दौरान आत्म वल्भ के डेवलपर्स महिंद्र गोयल, महेश गोयल और विनय सिंघल ने मंच से सहमति जताई कि उनका जो क्लब हैं, उसे रेजिडेंट्स की मांग पर सोसायटी को हैंडओवर कर दिया जाएगा। इस दौरान एसोसिएशन के सदस्यों ने अकाउंट्स व अन्य जानकारी भी सार्वजनिक की। जहां यह सब चीजें हुई, वहीं पर रेजिडेंट्स ने माना की नॉर्थ इंडिया की सबसे बेस्ट कॉलोनी बन चुकी है। जहां रहना लोगों के लिए सपना है। वहीं इसी कॉलोनी में रहने वाले कारोबारी श्रेणिक जैन, जिनके पास कॉलोनी में ही करीब आठ प्लॉट बताए जाते है। उनकी तरफ से जैन मंदिर की मासिक मैनटेंन्स के चार्ज करीब पांच हजार रुपए का मुद्दा उठाया गया। जिसके बाद माहौल गर्म हो गया। इस दौरान कमेटी पर इस चार्ज का हल करने का दबाव डाला गया। वहीं इसे लेकर लगातार अलग अलग जैन सामाज के लोगों ने अपनी प्रतिक्रिए देनी शुरू कर दी। करीब पौना घंटा यह विवाद चलने के बाद कॉलोनी के कारोबारी तरुण जैन बावा को बोलने के लिए माइक दिया गया।

जिसके बाद तरूण जैन बावा ने मंदिर की देखरेख के लिए चार्ज पर छिड़ी बहस का विरोध किया। जिसके बाद श्रैणिक जैन और बावा में बहस हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों को बाकी सदस्यों द्वारा बीच बचाव कर शांत कराया गया। किंटी ठुकराल ने भी इन्हें शांत कराया। इस दौरान जमकर खींचतान भी हुई। इस दौरान जैन समाज के कई लोगों ने कहा कि जैन समाज करोड़ों रुपए दान देने के लिए जाने जाते हैं। यहां पांच हजार रुपए के पीछे विवाद हो रहा है। वहीं प्रमोटर्स की तरफ से कारोबारी राजीव भल्ला को कॉलोनी के बीच में से दिए गए खास रास्ते को लेकर सवाल खड़े कर दिए। जिससे मामला तूल पकड़ गया। जिसके बाद जमकर बहस हुई।

## किंटी ठुकराल सर्वसहमति से बने आत्म वलभा जनपथ सोसायटी के प्रधान






# अंबाला कोर्ट ने हत्या की कोशिश मामले में पूर्व एमएलए के बेटे और 6 अन्य को 10 साल की सजा सुनाई

चंडीगढ़/यूटर्न/21 मई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने हत्या की कोशिश के एक मामले में, अंबाला के एक पूर्व एमएलए के बेटे सहित सात लोगों को 10-10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने रोहित, देवेंद्र, जितेंद्र, अनिल कुमार (तीन बार के पूर्व एमएलए और भाजपा नेता स्वर्गीय मास्टर शिव प्रसाद के बेटे), सुखविंदर सिंह, जतिन कुमार और दर्पण कुमार को दोषी ठहराया है और उन सभी पर 20,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। दोषी सुखविंदर सिंह को आर्म्स एक्ट के तहत तीन साल के कठोर कारावास की सजा भी काटनी होगी। एडीए सतीश कुमार ने बताया कि राजेश कुमार ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में कहा था कि वह रेलवे रोड पर एक होटल चलाते हैं। 6 दिसंबर, 2019 को रात करीब 10:30 बजे, मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने उन्हें कार रोकने का इशारा किया। उन्होंने राजेश को जान से मारने की नीयत से उन पर गोली चला दी। राजेश को तुरंत अंबाला शहर के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से उन्हें पीजीआई, चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। इस बयान के आधार पर एक एफआईआर दर्ज की गई थी।

## सातों ने मिलकर की वारदात

शिकायतकर्ता के वकील महादेव महाराज सिंह ने कहा कि यह साबित हो गया है कि इन सातों लोगों ने राजेश की हत्या करने की आपराधिक साज़िश रची थी, और गोली सुखविंदर ने चलाई थी। दोनों पक्षों के बीच कुछ दुकानों को लेकर विवाद चल रहा था। अंबाला के जिला अटॉर्नी जंग बहादुर सिंह ने बताया कि अदालत ने आरोपियों को दोषी पाया है। जुमार्ने की राशि में से 1 लाख रुपये राजेश को मुआवजे के तौर पर दिए जाएँगे।

# जिम जा रहे युवकों की थार डिवाइडर से टकराई, एक की मौत, चार जख्मी



लुधियाना/यूटर्न/21 मई। लुधियाना के बीआरएस नगर स्थित नगर निगम के जोन-डी के पास नगर पुल पर बने कट पर वीरवार सुबह तेज रफ्तार थार बेकाबू होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर होते ही गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार एक कॉलेज स्टूडेंट की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 4 दोस्त जख्मी हो गए। सभी को नजदीकी प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक की पहचान आर्यन वीर सिंह (22) के रुप में हुई है। सूचना मिलते ही थाना सराभा नगर की पुलिस मौके पर पहुंची। जांच अधिकारी ने बताया कि पांचों युवक जिम जाने को कार से निकले थे। तभी एक दोस्त ने कहा कि पहले अंडे खा लेते हैं। जैसे ही वो अंडे खाकर घर की तरफ जाने लगे बीआरएस नगर जोन डी कट के पास गाड़ी बेकाबू होकर डिवाइडर से जा टकराई। पुलिस के जांच अधिकारी देविंदर सिंह ने बताया कि मृतक लुधियाना के सरकारी एस.सी.डी कॉलेज का छात्र था और वहां का प्रेजिडेंट भी था।

# पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड हमजा बुरहान पीओके में अज्ञात लोगों के हाथों मारा गया

चंडीगढ़/यूटर्न/21 मई। 2019 के पुलवामा हमले के मास्टरमाइंड में से एक, जिसमें 40 से ज्यादा सीआरपीएफ जवान शहीद हो गए थे, को पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर (पीओके) में अज्ञात बंदूकधारियों ने मार गिराया। पुलवामा का रहने वाला हमजा बुरहान, जिसे 'डॉक्टर' के नाम से जाना जाता था, को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 2022 में आतंकवादी घोषित किया था।

बुरहान, जिसका असली नाम अर्जुमंद गुलजार डार है, मुजफ़्फ़राबाद में अज्ञात हमलावरों के हमले में कई गोलियां लगने से घायल हो गया था। पुलवामा के रत्नीपोरा इलाके के खरबतपोरा में जन्मा बुरहान, 2017 में उच्च शिक्षा हासिल करने के बहाने पाकिस्तान चला गया था। हालांकि, वह प्रतिबंधित आतंकी संगठन अल-बद्र में शामिल हो गया और जल्द ही संगठन में कमांडर के पद तक पहुंच गया।

बाद में वह कश्मीर लौट आया और युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें अपने विचारों में ढालने में शामिल हो गया। दक्षिण कश्मीर में, बुरहान ने अपना नेटवर्क पुलवामा से शोपियां तक फैला लिया। बुरहान का नाम जम्मू-कश्मीर में कई आतंकी गतिविधियों से जुड़ा रहा है, जिसमें 14 फरवरी, 2019 का पुलवामा हमला भी शामिल है।



### पुलवामा सबसे घातक हमला

पुलवामा की घटना भारत में सुरक्षाकर्मियों पर हुआ अब तक का सबसे घातक हमला था, जिसे जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) ने अंजाम दिया था। जेईएम के एक आतंकवादी ने लेथपोरा में सीआरपीएफ के काफिले में विस्फोटकों से भरी एक कार घुसा दी थी, जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे। इस हमले के कुछ दिनों बाद ही भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में सर्जिकल स्ट्राइक की थी, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। सुरक्षा एजेंसियों ने बताया कि बुरहान ने उन आतंकवादियों को विस्फोटक और ग्रेनेड मुहैया कराए थे, जिन्होंने पुलवामा हमले को अंजाम दिया था। वह 18 नवंबर, 2020 को सीआरपीएफ जवानों पर हुए ग्रेनेड हमले में भी शामिल पाया गया था।

### रहस्यमयी हत्याओं का सिलसिला

बुरहान की हत्या ऐसे समय में हुई है, जब लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जेईएम और हिज्बुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों के आतंकवादियों और शीर्ष कमांडरों को निशाना बनाने वाली रहस्यमयी हत्याओं का एक सिलसिला चल रहा है। पिछले महीने, भारत द्वारा पहलगाम हमले की पहली बरसी मनाए जाने से कुछ ही दिन पहले, एलईटी के संस्थापक सदस्यों में से एक आमिर हमजा को लाहौर में बाइक पर सवार कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मार दी। मार्च में, जेईएम प्रमुख मसूद अजहर के बड़े भाई मुहम्मद ताहिर अनवर की पाकिस्तान में ₹रहस्यमय परिस्थितियों₹ में मौत हो गई।

### एक आतंकी की गोली मारकर हत्या की

इससे एक साल पहले, लश्कर-ए-तैयबा के एक शीर्ष आतंकवादी अबू कताल को पाकिस्तान के झेलम सिंध में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। कताल, 26/11 मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफि ज सईद का करीबी सहयोगी था और 2024 के रियासी हमले में शामिल था, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई थी।



## 46 महीने बाद पटरी पर लौटेगी कांगड़ा घाटी नैरोगेज ट्रेन, पठानकोट से हिमाचल का सफर होगा सुगम

पठानकोट/यूटर्न/21 मई। पंजाब एक बार फिर रेलमार्ग के रास्ते हिमाचल से जुड़ने जा रहा है। करीब 46 महीने से बंद पड़ी ऐतिहासिक कांगड़ा घाटी नैरोगेज रेल सेवा एक बार फिर पटरी पर लौटने जा रही है। रेलवे की हायर अथॉरिटी ने ट्रेन संचालन को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं और सूत्रों के मुताबिक 2 जून से ट्रेन चलाने को लेकर कभी भी आधिकारिक आदेश जारी किया जा सकता है। लंबे इंतजार के बाद यह खबर लाखों यात्रियों, दैनिक सफर करने वालों, कारोबारियों और पर्यटन उद्योग के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आई है। हालांकि, इसमें निराशा इस बात की है कि ट्रेन एक बार फिर सिटी रेलवे स्टेशन से ही चलेगी। सूत्रों के मुताबिक मुख्यालय की ओर से संबंधित अधिकारियों को सेक्शन में मौजूद सभी तकनीकी और परिचालन संबंधी कमियां जल्द दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। ट्रैक, सिग्नलिंग और स्टेशन व्यवस्था की समीक्षा लगातार की जा रही है ताकि ट्रेन संचालन शुरू होने के बाद किसी प्रकार की दिक्कत न आए।

## गगनदीप जम्मू फायरिंग केस: हाईकोर्ट ने पंजाब पुलिस से मांगी प्रोग्रेस रिपोर्ट, सुरक्षा व्यवस्था पर भी जताई चिंता

चंडीगढ़/यूटर्न/21 मई। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव गगनदीप जम्मू पर हुए जानलेवा हमले की जांच को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। मामले की सुनवाई वीरवार को चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस संजीव बेरी की खंडपीठ के समक्ष हुई।



सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि फिलहाल जांच को सीबीआई को सौंपने की जरूरत नहीं दिखती, लेकिन यदि जांच एजेंसियां प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम रहती हैं तो अदालत भविष्य में इस विकल्प पर विचार कर सकती है। हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार को 25 मई तक मामले में ताजा स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने जांच की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताते हुए पूछा कि वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल अब तक क्यों बरामद नहीं हो सकी। जब पुलिस की ओर से बताया गया कि अभी तक कोई बड़ी सफलता हाथ नहीं लगी है तो खंडपीठ ने इसे गंभीर स्थिति बताया। सुनवाई के दौरान यूटी चंडीगढ़ की ओर से कहा गया कि प्राथमिकता हमलावरों की गिरफ्तारी होनी चाहिए। वहीं हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के प्रधान रोहित सूद ने अदालत को बताया कि पंजाब में गैंगस्टर कल्चर लगातार बढ़ रहा है और अपराधी वारदात के बाद सोशल मीडिया पर खुलेआम जिम्मेदारी लेते दिखाई देते हैं। हाईकोर्ट ने जांच से जुड़े सीसीटीवी फुटेज मीडिया में सार्वजनिक होने पर भी चिंता जताई। अदालत ने कहा कि जांच प्रभावित होने से बचाने के लिए पुलिस को ऐसे फुटेज मीडिया के साथ साझा नहीं करने चाहिए। यह हमला 18 मई की रात करीब 8:15 बजे हुआ था। शिकायत के अनुसार गगनदीप जम्मू अपनी कार से पंजाब क्षेत्र में जा रहे थे, तभी बाइक सवार दो अज्ञात हमलावरों ने उनकी गाड़ी पर फायरिंग कर दी। गोलियां वाहन में लगीं, हालांकि वह सुरक्षित बच गए। मामले में मोहाली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता और आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का मुद्दा भी उठा।

# सेक्टर-38 वेस्ट में दूषित पानी की समस्या पर हरकत में नगर निगम, चीफ इंजीनियर ने किया मौके का दौरा

चंडीगढ़/यूटर्न/ 21 मई। सेक्टर-38 वेस्ट में दूषित पेयजल की लगातार आ रही शिकायतों के बाद नगर निगम चंडीगढ़ के चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा ने स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। स्थानीय पार्षद गुरबक्श रावत द्वारा समस्या के समाधान में देरी को लेकर गुहार लगाए जाने के बाद नगर निगम प्रशासन सक्रिय हुआ।



निरीक्षण के दौरान चीफ इंजीनियर के साथ सुपरिटेंडेंट इंजीनियर धर्मेंद्र शर्मा, वाटर सप्लाई एवं सीवरेज विभाग की टीम और पार्षद गुरबक्श रावत भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। लोगों ने बताया कि इलाके में दूषित पानी की समस्या अभी भी बनी हुई है।

निवासियों से मिले फीडबैक के बाद चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा ने अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक तकनीकी निर्देश जारी किए। उन्होंने पानी की पाइपलाइन के डेड एंड पॉइंट्स पर स्कावरिंग करवाने, पूरी पाइपलाइन की सफाई कराने और क्षतिग्रस्त हिस्सों की पहचान कर उन्हें ठीक करने के निर्देश दिए ताकि समस्या का जल्द समाधान हो सके।

संजय अरोड़ा ने कहा कि यदि एक-दो दिनों के भीतर समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकलता है तो विशेष कंसल्टेंसी टीम से सेक्टर-38 वेस्ट की पाइपलाइनों का विस्तृत सर्वे कराया जाएगा। जहां नई पाइपलाइन की आवश्यकता होगी, वहां तुरंत नई लाइन डाली जाएगी।

उन्होंने कहा कि शहरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम चंडीगढ़ की प्राथमिकता है और इस दिशा में हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

# लालड़ू में 'आप' का चुनावी बिगुल, विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने संभाली प्रचार की कमान

## कई वार्डों में जनसंपर्क कर उम्मीदवारों के लिए मांगा समर्थन, कई परिवार पार्टी में शामिल

लालड़ू/यूटर्न/ 21 मई। नगर काउंसिल चुनावों को लेकर लालड़ू में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करते हुए विभिन्न वार्डों में पहुंचकर लोगों से जनसंपर्क किया और पार्टी प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। विधायक रंधावा ने कहा कि पंजाब सरकार ने पिछले चार वर्षों के दौरान जनहित में कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं और विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए तेज गति से आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि अब स्थानीय स्तर पर भी ईमानदार और जनपक्षीय प्रशासन स्थापित करने के लिए नगर काउंसिल में आम आदमी पार्टी की मजबूत टीम की जरूरत है। प्रचार अभियान के दौरान विधायक ने वार्ड नंबर-1 घोलूमाजरा से महिमा शर्मा, वार्ड नंबर-2 दप्पर से प्रदीप सिंह मनी रंगी तथा



वार्ड नंबर-16 और 17 दप्पर कॉलोनी के उम्मीदवार स्वर्ण सिंह पम्मी और पूजा के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए लोगों से समर्थन मांगा।

इस दौरान वार्ड नंबर-1 में आयोजित एक बैठक में कई परिवारों ने अन्य राजनीतिक दलों को छोड़कर आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने पार्टी में शामिल हुए परिवारों का स्वागत करते हुए कहा कि लोगों का बढ़ता विश्वास पार्टी की नीतियों और विकासवादी सोच की जीत है।

उन्होंने विश्वास जताया कि लालड़ू और डेराबस्सी क्षेत्र की जनता विकास, पारदर्शिता और जनसेवा के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए आम आदमी पार्टी उम्मीदवारों को समर्थन देगी।

# आईपीओ ट्रेडिंग के नाम पर 1.37 करोड़ की साइबर ठगी; लुधियाना से दो और आरोपी गिरफ्तार

## अब तक 8 आरोपी दबोचे गए, दोनों आरोपियों को 6 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया

अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/21 मई। पंचकूला पुलिस की साइबर क्राइम थाना टीम ने आईपीओ ट्रेडिंग के नाम पर हुई 1.37 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब के लुधियाना से दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में अब तक कुल आठ आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

पुलिस के अनुसार पंचकूला निवासी शिकायतकर्ता को जनवरी 2026 में इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के माध्यम से आईपीओ ट्रेडिंग में निवेश का झांसा दिया गया। आरोपियों ने



खुद को एक कंपनी का कर्मचारी बताकर पीड़ित का विश्वास जीता और उसे एक ऐप डाउनलोड करवाया। इसके बाद विभिन्न बैंक खातों में निवेश के नाम पर करीब 1.37 करोड़ रुपये ट्रांसफर करवा लिए गए।

जब आरोपी मुनाफे और आईपीओ से संबंधित जानकारी देने में टालमटोल करने लगे तो पीड़ित को ठगी का शक हुआ। इसके बाद साइबर हेल्पलाइन 1930 और साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई गई।

शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम थाना में 20 फरवरी 2026 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2), 318(4) और 61 के तहत मामला दर्ज किया गया। थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह के नेतृत्व में जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि ठगी की रकम कई बैंक खातों के माध्यम से अलग-अलग स्तर पर ट्रांसफर की गई थी। पुलिस ने खाताधारकों और मध्यस्थों की पहचान कर पहले ही नीरज कुमार, राजेश, मोनीश कुरैशी, रज्जाक, दीपक कुमार और राजकुमार उर्फ विक्की को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया था।

## ट्रेन की चपेट में आए अज्ञात व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत, पहचान के लिए शव 72 घंटे मोर्चरी में रखा

डेराबस्सी/यूटर्न/21 मई। घग्गर रेलवे स्टेशन के नजदीक मुबारिकपुर अंडरपास के पास ट्रेन की चपेट में आने से घायल हुए अज्ञात व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की उम्र करीब 40 से 45 वर्ष बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार 17 मई 2026 की रात करीब 10:55 बजे रेलवे किलोमीटर नंबर 231/15-17 के बीच एक अज्ञात व्यक्ति किसी ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे पहले इलाज के लिए सिविल अस्पताल डेराबस्सी में भर्ती करवाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए सेक्टर-32 चंडीगढ़ सरकारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में 18 मई को उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रेलवे पुलिस के अनुसार मृतक ने पीले रंग की टी-शर्ट, काले रंग का लोअर और नीले रंग का अंडरवियर पहना हुआ था। उसका रंग गेहुंआ, चेहरा लंबोतरा, नाक तीखी तथा सिर और दाढ़ी के बाल कटे हुए हैं। मृतक की पहचान के लिए शव को सिविल अस्पताल डेराबस्सी की मोर्चरी में 72 घंटे के लिए रखवाया गया है।



## विधायक बग्गा ने किया वार्ड 67 में सड़कों के निर्माण कार्य का उद्घाटन

लुधियाना/यूटर्न/21 मई। विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने वार्ड 67 के अंतर्गत मोहल्ला आनंद नगर की गली नंबर 2 से 5 तक बनने वाली सडकों का उदघाटन किया। इस अवसर पर पार्षद शरणजीत कौर बाजवा, आप के यूथ विंग के सचिव गुरवीर गोलू बाजवा भी उपस्थित रहे। विधायक बग्गा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब सरकार स्थानीय लोगो को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए वचनबद्ध है। आनन्द नगर में नई सडकों के निर्माण से लंबे समय से बदहाल सडको से स्थानीय लोगो को हो रही परेशानियो से छुटकारा मिलेगा। इसके साथ-साथ क्षेत्र के हर घर तक साफ पीने का पीना, सुचारु बिजली व्यव्स्था, साफ-सफाई की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। पार्षद शरणजीत कौर बाजवा ने विधायक बग्गा का आभार व्यक्त करते हुए कहा पिछले चार वर्ष में वार्ड-67 में विकास के बेशुमार कार्य हुए है। इसके लिए विधायक बग्गा बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर नरिन्द्र मक्कड़, पिंटू शर्मा, पंडित ओम प्रकाश, अमृत लाल शर्मा, उपदेश बाजवा, सतविन्द्र सिंह बाजवा, गुरुमीत सिंह और मिंटा पसरीचा सहित आम आदमी पार्टी के जिला, ब्लाक व वार्ड स्तरीय प्रतिनिधि व स्थानीय निवासी भी उपस्थित रहे।

## मोहाली नगर निगम चुनाव: 26 मई को 1.75 लाख वोटर तय करेंगे शहर की नई तस्वीर

मोहाली। नगर निगम मोहाली चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां चरम पर पहुंच गई हैं। 50 वार्डों में होने वाले चुनाव के लिए 26 मई को शहर के 1,75,323 मतदाता मतदान करेंगे और अपने स्थानीय प्रतिनिधियों का चयन करेंगे। चुनावी मुकाबले को लेकर सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने



पूरी ताकत झोंक दी है, जबकि निर्दलीय उम्मीदवार भी कई वार्डों में समीकरण बिगाड़ते नजर आ रहे हैं। मतदाता सूची के अनुसार इस बार 90,484 पुरुष, 84,831 महिला और 8 अन्य मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। मतदान के लिए प्रशासन की ओर से पूरे शहर में 184 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। चुनाव आयोग और जिला प्रशासन ने शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिए हैं। इस बार नगर निगम चुनाव में महिला प्रतिनिधित्व पर विशेष जोर दिखाई दे रहा है। 50 में से 25 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं, जिसके चलते कई नए चेहरे पहली बार चुनावी मैदान में उतरे हैं। राजनीतिक दलों ने महिला उम्मीदवारों को आगे कर स्थानीय स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने की रणनीति अपनाई है। चुनाव में कुल 227 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें 45 निर्दलीय प्रत्याशी भी शामिल हैं। कई वार्डों में निर्दलीय उम्मीदवारों की मौजूदगी ने मुकाबले को त्रिकोणीय और रोचक बना दिया है। शहर के अलग-अलग हिस्सों में उम्मीदवार लगातार डोर-टू-डोर प्रचार, नुक्कड़ सभाएं और जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। सबसे ज्यादा चर्चा वार्ड नंबर 42 की हो रही है, जहां इस बार बेहद कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। खास बात यह है कि इस वार्ड में कुल 979 मतदाता हैं, जो पूरे नगर निगम क्षेत्र में सबसे कम हैं।

# सेक्टर-38 में रेहड़ी वाले से लूट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, चोरी की बाइक और चाकू बरामद

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/ 21 मई। चंडीगढ़ सेक्टर 39 थाना पुलिस ने एंटी सोशल एलिमेंट्स के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अभिषेक, संतोष और मोहित थापा उर्फ कांचा के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक मोबाइल फोन, आधार कार्ड, दस्तावेजों से भरा वॉलेट, एक चाकू और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। बरामद बाइक नंबर PB-65-BC-6035 मोहाली के



फेज-2 क्षेत्र से चोरी की पाई गई।

यूटी एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देशों पर एसपी सिटी के.एम. प्रियंका और एसडीपीओ साउथ वेस्ट धीरज कुमार की निगरानी में सेक्टर-39 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम ने यह कार्रवाई की।

पुलिस के मुताबिक सेक्टर-39 थाना में 20 मई 2026 को बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। डड्डूमाजरा निवासी शिकायतकर्ता दुष्यंत कुमार निवासी ने बताया कि वह 18 मई की सुबह सेक्टर-38 में रेहड़ी पर सब्जियां बेच रहा था। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक उसके पास पहुंचे। एक युवक ने उसे पकड़कर थप्पड़ मारा, दूसरे ने उसकी गर्दन पर चाकू रख दिया, जबकि तीसरे ने उसका वीवो श्21ए मोबाइल फोन और वॉलेट छीन लिया। वॉलेट में आधार कार्ड और नकदी रखी हुई थी। शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए।

जांच के दौरान पुलिस ने 20 मई को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में अभिषेक निवासी कच्ची कॉलोनी धनास, संतोष निवासी ईडब्ल्यूएस कॉलोनी धनास और मोहित थापा निवासी नयागांव, मोहाली शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों का कोई पुराना आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है। आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# चंडीगढ़ में फिर बम धमकी से हड़कंप

## स्कूलों, हरियाणा उटड और रेलवे ट्रैक को उड़ाने की चेतावनी





अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/ 21 मई। शहर में एक बार फिर बम धमकी भरे ईमेल ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। गुरुवार सुबह कई निजी स्कूलों के साथ-साथ हरियाणा मुख्यमंत्री कार्यालय (उटड) और अंबाला रेल ट्रैक को निशाना बनाने की धमकी मिलने के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया। धमकी मिलने वाले शिक्षण संस्थानों में चितकारा इंटरनेशनल स्कूल, स्ट्रॉबेरी फील्ड्स हाई स्कूल और डीपीएस स्कूल शामिल हैं। ईमेल में दावा किया गया कि अंबाला रेलवे ट्रैक पर विस्फोट किया जाएगा और चंडीगढ़ को खालिस्तान बनाने की बात भी लिखी गई है।

हालांकि मेल में यह भी कहा गया कि बच्चों को नुकसान पहुंचाने का इरादा नहीं है। सूचना मिलते ही चंडीगढ़ पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और खुफिया एजेंसियों की टीमें मौके पर पहुंच गईं। सभी स्कूल परिसरों और संवेदनशील स्थानों पर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। प्रारंभिक जांच में किसी संदिग्ध वस्तु के मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, धमकी भरा ईमेल 'खालिस्तान नेशनल आर्मी' के नाम से भेजा गया है। जांच एजेंसियां ईमेल की आईपी डिटेल, सर्वर लोकेशन और इस्तेमाल की गई आईडी की तकनीकी पड़ताल कर रही हैं। साइबर सेल की टीम यह भी जांच कर रही है कि क्या यह मेल पहले भेजी गई धमकियों से जुड़ा हुआ है। गौरतलब है कि इससे पहले भी चंडीगढ़ के कई स्कूलों और सरकारी संस्थानों को इसी तरह के धमकी भरे ईमेल मिल चुके हैं। हर बार तलाशी के दौरान कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली, लेकिन लगातार मिल रही धमकियों ने अभिभावकों और आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार सामने आ रही ऐसी घटनाओं को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए और केंद्र सरकार व प्रशासन को सख्त कदम उठाने चाहिए ताकि लोगों में सुरक्षा का भरोसा बना रहे।

## सात साल पुराने सड़क हादसे में पीड़ित परिवारों को राहत, MACT ने 66 लाख मुआवजा देने के दिए आदेश

चंडीगढ़/यूटर्न/ 21 मई। मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल चंडीगढ़ ने वर्ष 2019 में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे के मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए दो मृतकों के परिवारों को लगभग 66 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। ट्रिब्यूनल ने माना कि हादसा ट्रक चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार के कारण हुआ था। यह आदेश अमित कुमार ग्रोवर ने सुनाया। ट्रिब्यूनल ने मृतक गुरप्रीत सिंह के परिवार को 18.24 लाख रुपये तथा अवतार सिंह के परिजनों को 48.62 लाख रुपये मुआवजा देने के निर्देश दिए। मामला 29 सितंबर 2019 की रात का है। हादसा पटियाला के पास रेडिएंट टेक्सटाइल क्षेत्र में हुआ था। याचिका के अनुसार गुरप्रीत सिंह अपनी वर्ना कार में अवतार सिंह और सरबजीत सिंह के साथ सफर कर रहे थे। उनके आगे चल रहे ट्रक में क्षमता से अधिक भूसा भरा हुआ था, जो ट्रक के दोनों तरफ काफी बाहर तक निकला हुआ था। याचिकाकताओं के मुताबिक ट्रक पर पर्याप्त रिफ्लेक्टर और स्पष्ट टेल लाइट नहीं थीं।

## चंडीमंदिर टोल प्लाजा के पास मिला मोबाइल, ट्रैफिक पुलिसकर्मी की ईमानदारी से युवक को सुरक्षित लौटाया गया फोन

पंचकूला/यूटर्न/ 21 मई। ट्रैफिक पुलिस के एक जवान ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए खोया हुआ मोबाइल उसके असली मालिक तक सुरक्षित पहुंचाकर आमजन का विश्वास मजबूत किया है। ड्यूटी के दौरान मिले मोबाइल फोन को जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ उसके मालिक को लौटाया गया, जिसके बाद युवक ने पुलिस टीम का आभार जताया।




पुलिस प्रवक्ता के अनुसार ट्रैफिक पुलिस में तैनात होमगार्ड राकेश को चंडीमंदिर टोल प्लाजा के पास एक मोबाइल फोन लावारिस हालत में मिला। मोबाइल मिलने के बाद होमगार्ड राकेश ने तुरंत जिम्मेदारी दिखाते हुए फोन की जांच की और उसके मालिक के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया। उपलब्ध जानकारी के आधार पर मोबाइल धारक की पहचान कालका निवासी एक युवक के रूप में हुई। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने युवक से संपर्क कर उसे सुरजपुर ट्रैफिक थाना बुलाया। सुरजपुर ट्रैफिक थाना में सिपाही पवन ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मोबाइल फोन उसके असली मालिक को सौंप दिया। अपना खोया हुआ मोबाइल सुरक्षित वापस मिलने पर युवक ने ट्रैफिक पुलिस, होमगार्ड राकेश और पूरी पुलिस टीम का धन्यवाद किया। सुरजपुर ट्रैफिक थाना प्रभारी अभिषेक ने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य आमजन की सुरक्षा और सहायता करना है। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी और होमगार्ड जवान पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों को इसी तरह जनता की सेवा और विश्वास बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

## गिरते रुपये और बढ़ती महंगाई पर समाजसेवी राजबीर सिंह भारतीय ने उठाए सवाल

चंडीगढ़/यूटर्न/ 21 मई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बैंकिंग प्रणाली में नकदी बढ़ाने और गिरते रुपये को संभालने के लिए 26 मई को प्रस्तावित 5 अरब डॉलर की डॉलर-रुपया स्वैप नीलामी को लेकर समाजसेवी राजबीर सिंह भारतीय ने केंद्र सरकार और नीति-निमार्ताओं पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि केवल डॉलर की नीलामी या विदेशी मुद्रा भंडार के सहारे अर्थव्यवस्था को संभालना स्थायी समाधान नहीं हो सकता। चंडीगढ़ में जारी प्रेस विज्ञप्ति में राजबीर सिंह भारतीय ने कहा कि गिरते रुपये को थामने के लिए डॉलर बेचना या देश की संपत्तियों को दांव पर लगाना केवल अस्थायी मरहम साबित होगा। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर देश की अर्थव्यवस्था इस स्थिति तक क्यों पहुंची, जबकि आम जनता पर लगातार टैक्स का बोझ बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि भारत में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं पर दुनिया के मुकाबले अधिक टैक्स वसूला जा रहा है। इसके बावजूद रुपये की गिरावट और बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा। उन्होंने कहा कि महंगे ईंधन के कारण माल ढुलाई की लागत बढ़ रही है, जिससे रोजमर्रा की वस्तुएं आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। राजबीर सिंह भारतीय ने कहा कि मजदूर, मध्यम वर्ग, छोटे व्यापारी और किसान सभी महंगाई से परेशान हैं और अब केवल आश्वासनों से काम नहीं चलेगा।



# ऑल पंजाब आंगनवाड़ी कर्मचारी यूनियन ब्लॉक ने भुच्चो हलके के MLA मास्टर जगसीर सिंह के घर के सामने किया प्रदर्शन





सोनू टुटेजा

बठिंडा आज ऑल पंजाब आंगनवाड़ी कर्मचारी यूनियन ने जिला अध्यक्ष गुरमीत कौर गोनियाना के नेतृत्व में हलके के MLA के ऑफिस के सामने प्रदर्शन किया और मांग की कि पंजाब सरकार चुनावों के दौरान किए गए वादे के अनुसार आंगनवाड़ी वर्करों और


### आंगनवाड़ी वर्करों को टीचर का दर्जा दिया जाए

आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों का मानदेय दोगुना करे। आंगनवाड़ी वर्करों को स्मार्ट फोन दिए जाएं, आंगनवाड़ी वर्करों को मदर्स, डॉटर्स एंड रिस्पेक्टेड स्कीम में काम लेने के लिए 200 रुपये और हेल्परों को 100 रुपये दिए जाएं, आंगनवाड़ी वर्करों से जनगाना इकोनॉमिक सर्वे, ड्रग सर्वे जैसे अतिरिक्त काम लिए जाएं, आंगनवाड़ी सेंटरों में आने वाला राशन सरकारी संस्थाओं के माध्यम से दिया जाए, आंगनवाड़ी वर्करों को प्री-नर्सरी टीचर का दर्जा दिया जाए और बच्चों को वापस आंगनवाड़ी में भेजा जाए, NGOs को दिए गए ब्लॉकों का नोटिफिकेशन जारी होते ही उसे लागू किया जाए।

इस धरने को मनमीत कौर नथाना ब्लॉक अध्यक्ष, मनप्रीत कौर सिविया, बलबीर कौर भोखरा, रेखा रानी गोनियाना कलां, कुलदीप कौर कोठे करतार सिंह, सुनीता रानी कोठे नत्था सिंह, वीरपाल कौर नाहियां वाला, मनप्रीत कौर जीदा, वीरपाल कौर सिविया आदि नेताओं ने संबोधित किया।

# लू का असर: पंजाब, हरियाणा, यूपी, राजस्थान में सुबह 11 बजे दुकानें और कारोबार हो जाते हैं बंद, शाम 6 बजे होते हैं ओपन

चंडीगढ़/यूटर्न/21 मई। भीषण लू के कारण, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पंजाब और राजस्थान के कुछ हिस्सों में एक नया चलन देखने को मिल रहा है। लोग अपनी रोजमर्रा की कारोबारी गतिविधियाँ सुबह 6 बजे शुरू करते हैं और 11 बजे तक समेट लेते हैं। और फिर, भीषण लू से बचने के लिए खासकर दोपहर की तेज धूप से बचने के लिए शाम 6 बजे के बाद फिर से अपना काम शुरू करते हैं। गर्मी इतनी ज्यादा है कि हर सुबह 10 बजे तक, पंजाब के बठिंडा, मानसा, फिरोजपुर; हरियाणा के सिरसा, हिसार, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, मेवात, नूंह; और उत्तर प्रदेश के बांदा के कुछ हिस्सों में 11 बजे तक सब कुछ बंद हो



जाता है। बांदा शहर के एक जौहरी संदीप गुप्ता सुबह 6 बजे घर से निकलते हैं, ताकि गर्मी बढ़ने से पहले ही अपना ज्यादातर काम निपटा सकें। 11 बजे तक वह घर लौट आते हैं, और बाहर सड़कें सुनसान हो जाती हैं। उनकी दुकान के शटर खुले रहते हैं, लेकिन शाम से पहले ग्राहक शायद ही कभी आते हैं।

### बांदा में 47.6 डिग्री तापमान दर्ज

इस साल 27 अप्रैल को, बांदा में 47.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था, जो उस दिन पूरे भारत में सबसे ज्यादा था, और 1951 के बाद से बांदा का अब तक का सबसे ज्यादा तापमान था। इसने 30 अप्रैल, 2022 और 25 अप्रैल, 2026 को अप्रैल महीने में बने पिछले रिकॉर्ड (47.4 डिग्री) को भी पीछे छोड़ दिया। मंगलवार को भी बांदा 48.2 डिग्री तापमान के साथ भारत का सबसे गर्म स्थान रहा, और एक नया रिकॉर्ड बनाया।

इसी तरह, राजस्थान के चुरू और जैसलमेर जैसे शहरों में भी दुकानें सुबह 11 बजे, या ज्यादा से ज्यादा दोपहर 12 बजे तक बंद हो जाती हैं।

एक राशन की दुकान के मालिक प्रदीप शर्मा कहते हैं, आजकल मेरे पास ज्यादातर ग्राहक शाम 7 बजे के बाद ही आते हैं। बठिंडा में भी, सुबह 11 बजे शहर सुनसान हो जाता है, और फिर शाम 6 बजे सड़कें फिर से लोगों से गुलजार हो जाती हैं।

# साउथ अमेरिका से इंटरनेशनल सम्मान: रेव. डॉ. जितेंद्र सिंह को उल्ट्राबार्डिस्टा स्पेशल रिकॉग्निशन



चंडीगढ़/यूटर्न/21 मई। भारत के प्रसिद्ध लेखक, स्पिरिचुअल गाइड, सोशल वर्कर एवं ठउक्क्र्चंडीगढ़ (वळ, इंडिया) के प्रीस्ट रेव. डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन किया है। उन्हें साउथ अमेरिका के देश इक्वाडोर की प्रतिष्ठित संस्था फाउंडेशन अमेजोनिया प्रोडक्टिवा द्वारा 'उल्ट्राबार्डिस्टा झ्र स्पेशल रिकॉग्निशन' से सम्मानित किया गया है। यह विशेष सम्मान विश्व के चुनिंदा और एक्सीलेंट पोएट्स को ही प्रदान किया जाता है, जिनकी रचनाएं सोसाइटी और ह्यूमैनिटी पर गहरा इम्पैक्ट डालती हैं। रेव. डॉ. जितेंद्र सिंह को यह सम्मान उनकी प्रभावशाली पोएट्री 'माद्रे झ्र लेगेसी ऑफ पीस' के लिए दिया गया, जिसमें उन्होंने मदरहुड, लव और ग्लोबल पीस का सशक्त मैसेज प्रस्तुत किया है। यह प्रेस्टिजियस अवॉर्ड क्र वर्ल्ड पोएट्री इवेंट 2026 के अंतर्गत प्रदान किया गया, जिसमें दुनिया भर के लिटरेरी पर्सनैलिटीज ने भाग लिया। उनकी रचना को इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर सराहा गया और उन्होंने इंडिया को रिप्रेजेंट करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। विशेष बात यह रही कि यह सम्मान उन्हें ऑनलाइन माध्यम से प्रदान किया गया, जहां आधिकारिक रूप से सर्टिफिकेट जारी कर उन्हें इंटरनेशनल स्तर पर मान्यता दी गई। रेव. डॉ. जितेंद्र सिंह लंबे समय से लिटरेचर, स्पिरिचुअलिटी और सोशल सर्विस के क्षेत्र में सक्रिय हैं और उनकी लेखनी समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए जानी जाती है।

# सेक्टर-33/45 डिवाइडिंग रोड खोलने की मांग को लेकर राज्यपाल से मिले शादाब राठी





चंडीगढ़/यूटर्न/ 21 मई। सेक्टर-45 बुड़ैल और सेक्टर-33 के बीच बंद किए गए 33/45 डिवाइडिंग रोड को दोबारा खुलवाने तथा क्षेत्रवासियों की समस्याओं के समाधान को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता एवं समाजसेवी शादाब राठी ने बुधवार को पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान शादाब राठी ने राज्यपाल को क्षेत्र के लोगों की परेशानियों से अवगत करवाते हुए बताया कि रोड बंद होने से सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूली बच्चों, अभिभावकों और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि बुड़ैल के सैकड़ों बच्चे प्रतिदिन सेक्टर-33 स्थित स्कूलों में पढ़ने जाते हैं, लेकिन सड़क बंद होने के कारण उन्हें व्यस्त मार्ग पार करना पड़ता है, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। राठी ने यह भी कहा कि सेक्टर-45 बुड़ैल के बुजुर्ग निवासी पहले सेक्टर-33 के पार्कों में सुबह-शाम सैर और स्वास्थ्य लाभ के लिए जाते थे, लेकिन अब सुरक्षित रास्ता न होने से उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान शादाब राठी ने राज्यपाल को एक मांग पत्र भी सौंपा और जनहित को ध्यान में रखते हुए सेक्टर-33/45 डिवाइडिंग रोड पर जल्द अंडरपास या सुरक्षित ब्रिज निर्माण करवाने की मांग की, ताकि स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और स्थानीय निवासियों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

अदिति राव हैदरी



# 138 लोगों ने हेफेड, सेक्टर 5, पंचकूला में किया रक्तदान

पंचकूला, /यूटर्न/ 21 मई। भीषण गर्मी की वजह से अस्पतालों में रक्त कॉम्पोनेंट्स की कमी को पूरा करने हेतु हेफेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अनीश यादव आईएएस की प्रेरणा से स्टाफ द्वारा श्री शिव कावड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट, पंचकूला, निफा चंडीगढ़, जिला रेडक्रास सोसायटी पंचकूला एवं ब्लड बैंक, सिविल हॉस्पिटल पंचकूला के सहयोग से हेफेड, सेक्टर 5, पंचकूला में जरूरत मरीजों की सहायता के लिए रक्तदान जागरूकता शिविर लगाया गया।

हैफेड के सेक्रेटरी श्री अरुण कुमार आहूजा एवं एडिशनल जीएम जनरल श्री विकास देसवाल ने कर्मचारियों का आहवान किया कि वह इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग ले और एक स्वस्थ व्यक्ति का इंसानी, नैतिक और सामाजिक दायित्व बनता है कि वह स्वंय को रक्तदान के लिए तैयार रखे और हर स्वस्थ व्यक्ति को इसलिए भी रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्त का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। रक्तदान शिविर में हेफेड के मुकेश कुमार गुप्ता एवं सत्यवान सिंह का विशेष योगदान रहा।



श्री शिव कावड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट के डायरेक्टर रमेश नारंग एवं प्रधान राकेश कुमार संगर ने बताया कि आजकल भीषण गर्मी की वजह से लगभग सभी अस्पतालों में रक्त एवं रक्त कंपोनेंट्स की बहुत कमी है और रक्तदान का मकसद उन मरीजों की मदद करना है, जिनकी जिंदगी की डोर रक्त की कमी से कमजोर पड़ जाती है और हमारी संस्था द्वारा लगभग हर रोज रक्तदान शिविर लगाकर रक्त की कमी को पूरा करने का प्रयास किया जाता है। आज रक्तदान जागरूकता शिविर में 138 लोगों ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर श्री शिव कांवड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट के दीपक शर्मा, लक्ष्मण सिंह रावत, राजीव शर्मा, एनएन पुरी, विनीत जगोता, सतगुरु प्रसाद, दिव्या गुप्ता एवं अन्य सदस्य और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र, स्मृति चिन्ह, हेफेड के उत्पाद एवं बेज देकर सम्मानित किया।

# जरनैल सिंह वर्किंग जर्नलिस्ट मीडिया काउंसिल (पंजाब) के रेगुलेटिंग चेयरमैन नियुक्त

चंडीगढ़/यूटर्न/ 21 मई। वर्किंग जर्नलिस्ट मीडिया काउंसिल, जो भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तहत डिजिटल मीडिया एथिक्स के लिए एक रजिस्टर्ड सेल्फ-रेगुलेटिंग बॉडी (SRB) है, ने जरनैल सिंह को पंजाब का रेगुलेटिंग चेयरमैन नियुक्त किया है। इस मौके पर वर्किंग जर्नलिस्ट मीडिया काउंसिल के नेशनल पदाधिकारी भी मौजूद थे। वर्किंग जर्नलिस्ट मीडिया काउंसिल के ऑफिस में, संगठन के चेयरमैन कुमार सौरभ ने जरनैल सिंह को नियुक्ति पत्र और आई डी कार्ड सौंपा और उनकी जिम्मेदारियों और काम के बारे में गाइडलाइन दीं। इस मौके पर, संगठन के नेशनल चेयरमैन कुमार सौरभ ने कहा कि पंजाब देश



का एक बॉर्डर वाला राज्य है और वहां कई सोशल मीडिया चैनल बिना किसी सरकारी गाइडलाइन को फॉलो किए आजादी से चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी बॉडी जल्द ही पंजाब में ऐसे चैनलों के बीच जागरूकता पैदा करेगी और उन्हें रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के तहत रजिस्टर करेगी। नवनियुक्त पंजाब रेगुलेटिंग चेयरमैन जरनैल सिंह ने कहा कि पंजाब के सभी चैनलों को अब सरकारी नियमों के बारे में जागरूक किया जाएगा और उन्हें रेगुलेटरी सिस्टम के तहत लाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वर्किंग जर्नलिस्ट मीडिया काउंसिल ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने की वह पूरी कोशिश करेंगे।

# ग्रीन चंडीगढ़ विजन को लेकर मेयर की केंद्रीय मंत्री से अहम बैठक, पर्यावरणीय परियोजनाओं पर हुई चर्चा

चंडीगढ़/यूटर्न/ 21 मई। शहर को स्वच्छ, हरित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में प्रयास तेज हो गए हैं। सौरभ जोशी ने नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात कर चंडीगढ़ के पर्यावरणीय विकास और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान शहर में वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन, प्रदूषण नियंत्रण, हरित बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, पारिस्थितिकी संरक्षण और सतत शहरी विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। इसके अलावा शहर के सौंदर्यीकरण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए चल रही परियोजनाओं पर भी चर्चा हुई।



मेयर सौरभ जोशी ने 'विकसित भारत 2047 विकसित चंडीगढ़ 2047' विजन के तहत चंडीगढ़ को देश की मॉडल ग्रीन सिटी के रूप में विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने शहर में हरियाली बढ़ाने, आधुनिक वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी नई योजनाओं की जानकारी केंद्रीय मंत्री को दी।

भूपेंद्र यादव ने चंडीगढ़ की पर्यावरणीय पहलों की सराहना करते हुए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में चंडीगढ़ देश के अन्य शहरों के लिए उदाहरण बन सकता है।

मेयर सौरभ जोशी ने कहा कि 'सिटी ब्यूटीफुल' की पहचान रखने वाले चंडीगढ़ को भविष्य में और अधिक स्वच्छ, स्मार्ट और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार शहर बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पर्यावरण आधारित परियोजनाओं और हरित विकास पर विशेष फोकस रहेगा, ताकि नागरिकों को बेहतर और स्वस्थ जीवन वातावरण मिल सके।

उन्होंने कहा कि 'एनवायरनमेंट फर्स्ट चंडीगढ़ फर्स्ट ' केवल एक नारा नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# कॉरपोरेट के आगे बेबस सरकारः क्या अब निवेश के लिए हाथ जोड़ना ही बाकी है ?



संदीप शर्मा, सम्पादक

भारत की अर्थव्यवस्था एक रोमांचक नए दौर में प्रवेश कर चुकी है। सरकार सड़कें बनवाती है, रेल की पटरियां बिछाती है, औद्योगिक गलियारों की घोषणा करती है, कॉर्पोरेट करों में कटौती करती है, प्रोत्साहन योजनाएं शुरू करती है, व्यापार समझौते करती है, निवेश शिखर सम्मेलन आयोजित करती है, शिलान्यास के मौके पर तस्वीरें खिंचवाती है और फिर निजी कंपनियों के निवेश का धैर्यपूर्वक इंतजार करती है। इस बीच, कंपनियां सरकार का हार्दिक धन्यवाद करती हैं, रिकॉर्ड मुनाफे की घोषणा करती हैं, शेयरधारकों को पुरस्कृत करती हैं, दुबई या सिंगापुर में पारिवारिक कार्यालय खोलती हैं, और निवेश के माहौल में अधिक स्पष्टता की प्रतीक्षा करती रहती हैं। और इन सबके बीच कहीं मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन खड़े हैं, जो कॉर्पोरेट जगत को पर्याप्त राष्ट्रीय भावना न दिखाने के लिए हल्के से फटकार लगा रहे हैं। सरकार के लिए लगभग दुख होता है। आखिर एक गरीब देश और क्या कर सकता है? इसने पहले ही करों में कटौती की है, बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाया है, नियमों में ढील दी है, प्रोत्साहन योजनाएं शुरू की हैं, और इतने नारे गढ़े हैं कि उनसे एक पूरी प्रबंधन पाठ्यपुस्तक भरी जा सकती है। इसके अलावा, शायद मंत्रियों को खुद बोर्डरूम में पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन और चाय लेकर पहुंचना चाहिए। सीईए का कहना है कि कॉर्पोरेट इंडिया को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। ठीक है। लेकिन माना जाता है कि सरकारों को भी कभी-कभार आत्मचिंतन करने का अधिकार होता है। या क्या अब आत्मनिरीक्षण भी पूरी तरह से निजीकरण के अधीन हो गया है? क्योंकि वर्तमान आर्थिक व्यवस्था तेजी से किसी बॉलीवुड पारिवारिक ड्रामा जैसी होती जा रही है। सरकार परिवार के लिए लगातार त्याग करती रहती है, जबकि कॉर्पोरेट इंडिया विदेश में रहने वाले उस सफल बेटे की तरह व्यवहार करता है जो कभी-कभार फोन करके कहता है कि वह रघर में अवसरों पर विचार कर रहा है। हर कुछ महीनों में, नीति निमार्ता बड़े आश्चर्य के साथ पाते हैं कि व्यवसाय तभी निवेश करते हैं जब उन्हें भविष्य की मांग पर पूरा भरोसा होता है। इस खुलासे को किसी वैज्ञानिक खोज की तरह गंभीरता से लिया जाता है। इस बीच, आम उपभोक्ता चुपचाप सोचते रहते हैं कि क्या स्थिर वेतन, महंगी शिक्षा, बढ़ता घरेलू कर्ज और कमजोर ग्रामीण आय का कमजोर मांग से कोई संबंध हो सकता है। सुस्त निजी निवेश का आधिकारिक स्पष्टीकरण अब बेहद सरल लगता है: निगम बहुत स्वार्थी हो गए हैं। भारी मुनाफा कमाने के बाद, वे देशभक्ति के जोश में आकर कारखाने बनाने के बजाय विदेशों में स्थित पारिवारिक कार्यालयों में धन की बोरियां छिपा रहे हैं। पूंजीवाद को समझने का यह निश्चित रूप से एक तरीका है। एक अन्य संभावना हालांकि यह कम सुविधाजनक है, यह है कि व्यवसाय अनिश्चितता के प्रति तर्कसंगत प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कंपनियां केवल इसलिए निवेश नहीं करतीं क्योंकि सरकारें सम्मेलनों में विनम्रतापूर्वक अनुरोध करती हैं। वे तब निवेश करती हैं जब नीतियां स्थिर रहती हैं, नियम पूवार्नुमानित होते हैं, और उपभोग इतना व्यापक होता है कि दीर्घकालिक जोखिमों को उचित ठहराया जा सके। विडंबना की बात तो यह है कि जिस सरकार ने अब कॉर्पोरेट इंडिया से नाराजगी जाहिर की है, उसी ने सालों तक शेयर बाजार में आई तेजी और अरबपतियों की बढ़ती दौलत को आर्थिक सफलता का सबूत मानकर उसका जश्न मनाया था। जब मुनाफा बढ़ता है, तो उसे सुधार का सबूत माना जाता है; लेकिन जब उसके बाद निवेश नहीं आता, तो अचानक उद्योग जगत में नैतिक प्रतिबद्धता की कमी नजर आने लगती है।

अगर यही सिलसिला चलता रहा, तो अगले केंद्रीय बजट में शायद एक पूरा अध्याय ही इस शीर्षक के साथ शामिल कर दिया जाए: 'प्रिय उद्योग जगत, कृपया... रचनात्मक बनें... आगे आएं और भागीदारी निभाएं।'

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372